# वार्षिक मूल्यांकन

विषय–सामाजिक विज्ञान माह– मार्च

वर्ग–8

**1. सही विकल्प के सामने (✓) चिह्न लगाइए–** 4X2=8

(i) सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा, कविता की रचना किसने किया ?
(क) अजीमाबादी (ख) अल्लामा इकबाल (ग) अबुल कलाम (घ) रविन्द्र नाथ टैगोर

(ii) इंगलैंड की सरकार ने मुक्त व्यापार की नीति कब अपनाया ?
(क) 1813 (ख) 1720 (ग) 1880 (घ) 1854

(iii) कोलंबस रहने वाला था ..........................................
(क) भारत (ख) स्पेन (ग) अमेरिका (घ) पूर्तगाल

(iv) सीखने के स्थान को अरबी भाषा में क्या कहा जाता है ?
(क) स्कूल (ख) कॉलेज (ग)मदरसा (घ) इनमें से कोई नहीं।

(v) अंग्रेजो के आने के पहले भूमि का मालिक कौन होता था ?
(क) राजा (ख) व्यापारी (ग) किसान (घ) जमींदार

(vi) बिहार से कौन राज्य अलग हुआ ?
(क) बंगाल (ख) उड़ीसा (ग) मध्य प्रदेश (घ)झारखंड

(vii) हमारे यहाँ कितने वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वोट देने का अधिकार है ?
(क) 21 वर्ष (ख) 20 वर्ष (ग) 18 वर्ष (घ) 22 वर्ष

(viii) बंगाल का विभाजन कब हुआ ?
(क) 1905 (ख) 1906 (ग) 1805 (ध) 1806

(ix) विधान परिषद के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता हैं ?
(क) 5 वर्ष (ख) 4 वर्ष (ग) 6 वर्ष (ध) 10 वर्ष

(x) वास्कोडिगामा कहाँ के निवासी थे ?
(क) हालैंड (ख) इंग्लैंड (ग) पुर्तगाल (घ) फ्रांस

(xi) वहाबी आन्दोलन का नेतृत्व बिहार में किसने किया था ?
(क) पीर अली (ख) विलायत अली (ग) अहमदुल्ला (घ) वजीबुल हक

(xii) मुफ्त विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु वार्षिक आय कितना होना चाहिए ?
(क) एक लाख (ख) दो लाख (ग) पचास हजार (घ) इनमें कोई नहीं ।

(xiii) 'करो या मरो ' का नारा किसने दिया ?
(क) अम्बेदकर (ख) गाँधी (ग) बोस (घ) नेहरू

(xiv) जूट उद्योग का प्रमुख केन्द्र कहाँ था ?
(क) आंध्र प्रदेश (ख) बंगाल (ग) महाराष्ट्र (घ) गुजरात

(xv) इनमें कौन कृषि आधारित उद्योग है ?
(क) वस्त्र उद्योग (ख) फर्नीचर उद्योग (ग) सीमेंट उद्योग (घ) ताँबा प्रगलन उद्योग

(xvi) लोकसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है ?
(क) 5 वर्ष (ख) 6 वर्ष (ग) 7 वर्ष (घ)इनमें से कोई नहीं

(xvii) कितने वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी कराना अपराध है
(क) 12 वर्ष (ख) 14 वर्ष (ग) 16 वर्ष (घ) 18 वर्ष

(xviii) विधवा पुनर्विवाह का मान्यता प्रदान करवाने का श्रेय किसे दिया जाता है ?
(क) राजा राम मोहन राय (ख) ईश्वर चंद्र विद्यासागर (ग) विवेकानन्द (घ) दयानंद सरस्वती

(xix) करो या मरो का नारा गांधी जी ने दिया–
(क) असहयोग आंदोलन के दौरान (ख) चंपारण में,
(ग) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान (घ) सविनय अवज्ञा आंदोलन में

(xx) लखनऊ में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया ?
(क) कुँवर सिंह (ख) नाना साहब

(ग) लक्ष्मी बाई (घ) बेगम हजरत महल

(xxi) देश में कपड़े की मिल सबसे पहले लगाई गई –

(क) मुंबई (ख) कोलकाता (ग) लुधियाना (घ) सूरत

(xxii) रौलट एक्ट के विरोध में सभा कहाँ हो रही थी ?

(क) जालियाँवाला बाग में (ख) गाँधी मैदान में (ग) रामलीला मैदान में (ध) प्रगति मैदान में

(xxiii) संविधान सभा के प्रथम अस्थायी अध्यक्ष कौन थे ?

(क) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद (ख) पंडित जवाहर लाल नेहरू (ग) डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा(घ) श्री कृष्ण सिंह

(xxiv) बिहार विधान सभा में कितने सदस्य निर्वाचित होते हैं ?

(क) 543 (ख) 250 (ग) 324 (घ) 243

(xxv) नील दर्पण क्या है ?

(क) काव्य (ख) साहित्य (ग) लेख (घ) नाटक

(xxvi) ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना कब हुई ?

(क) 1919 (ख) 1920 (ग) 1930 (घ) 1918

(xxvii) सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश कौन हैं –

(क) पाकिस्तान (ख) ईरान (ग) कम्बोडिया (घ) इन्डोनेशिया

(xxviii) टेक्सटाइल का मतलब होता हैं –

(क) जोड़ना (ख) बुनना (ग) नापना (घ) सिलना

**2.** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** 4X2=8

(i) गोदान–––––––––––की रचना है। (प्रेमचंद/बंकिमचंद्र)

(ii) भारत एक .......................... प्रधान देश हैं। (उद्योग/कृषि )

(iii) आधुनिक शिक्षा की भाषा .......................... बनाया गया। (अंग्रेजी /हिन्दी)

(iv) .............................. ने विलय नीति का अनुसरण किया। (राजा/अंग्रेजों)

(v) .............................. नवीकरणीय संसाधन है। (पवन / मकान)।

(vi) भिलाई लौह इस्पात कारखाना .............................. राज्य में है। (झारखंड/छत्तीसगढ़)

(vii) संसद के निचलें सदन को ........................... कहते हैं। (लोकसभा / राज्यसभा)

(viii) रौलेट ऐक्ट नामक कानून ........................... में बना । (1919 / 1920)

(ix) 1936 में बिहार से ........................... अलग हुआ । (बंगाल / उड़ीसा)

(x) देश में कपड़े की मिल सबसे पहले ........................... लगाई गई । (कोलकात्ता / मुबंई)

(xi) सावित्री बाई फूले ने ......................... की स्थापना की । (हरिजन समाज / बहुजन समाज)

(xii) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना ....................... को हुई। (28 दिसम्बर 1885 / 28 दिसम्बर 1858)
1964)

(xiii) भारत में सबसे अधिक वन क्षेत्रफल .................. राज्य में हैं । (मध्य प्रदेश / महाराष्ट्र)

(xiv) जनगणना प्रत्येक .................. वर्ष पर की जाती हैं । (5 वर्ष / 10 वर्ष)

(xv) धर्मनिरपेक्षता .................. संशोधन द्वारा संविधान की उद्देशिका में शामिल कियाा गया था । (44वें / 42वें)

(xvi) अंग्रेज सरकार ने सन् .................. में वन विभाग की स्थापना की । (1864 /

(xvii) ताजमहल ............................ में है। (आगरा / दिल्ली)

(xviii) संविधान की आत्मा ............................ को कहते हैं । (स्वतंत्रता का अधिकार / संवैधानिक उपचारों का अधिकार)

(xix) सिल्क ............................ प्राप्त होता हैं । (कपास से, कोकून से)

(xx) भारत में सत्याग्रह का प्रथम प्रयोग ....................... में किया गया । (मेरठ, चंपारण)

(xxi) संपूर्ण क्रांति का नारा ....................... ने दिया । (महात्मा गाँधी, जय प्रकाशनारायण)

(xxii) तसर सिल्क के लिए ....................... प्रसिद्ध हैं । (बिहार शरीफ, भागलपुर)

(xxiii) विधान सभा के लिए चुने गये व्यक्ति को ....................... कहते हैं। (सांसद, विधायक)

(xxiv) वर्तमान में भारत के उपराष्ट्रपति ....................... हैं । (प्रणव मुखर्जी, हामिद अंसारी)

(xxv) भारत का 'सिलीकन वैली' ....................... शहर को कहाँ जाता है । (पूणे, बैंगलूरू)

(xxvi) हरिजन सेवा संघ की स्थापना ..................... ने की । (डॉ0 भीमराव अम्बेडकर / महात्मा गाँधी)

(xxvii) पटना सिटी में 1857 की क्रांति ..................... के नेतृत्व में हुआ । (विलायत अली / पीर अली)

(xxviii) राउलकेला लौह इस्पात केन्द्र ................................. देश के सहयोग से स्थापित हुआ। (ब्रिटेन / जर्मनी)

**3. सही मिलान कीजिए–** 4x2=8

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|
| (i) तारापुर | (क) जूट |
| (ii) बाकोरो | (ख) परमाणु ऊर्जा |
| (iii) बगांल | (ग) मंगल पाण्डे |
| (iv) बैरकपुर | (घ) लौह इस्पात |

| **स्तम्भ 'अ'** | **स्तम्भ 'ब'** |
|---|---|
| (i) एक वृत्त का कुल मान | (क) 543 |
| (ii) लोकसभा सदस्य की संख्या | (ख) 1953 |
| (iii) भारत में वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण | (ग) 360 |
| (iv) बाल विवाह | (घ) 1926 |
| (v) सभ्यताओं का पालना | (क) फिलीपीन |
| (vi) त्योहारों का देश | (ख) एशिया |

| **स्तम्भ 'अ'** | **स्तम्भ 'ब'** |
|---|---|
| (i) आर्य समाज | (क) राजा राम मोहन राय |
| (ii) राम कृष्ण मिशन | (ख) दयानंद सरस्वती |
| (iii) प्रार्थना समाज | (ग) स्वामी विवेकानंद |
| (iv) बहुजन समाज | (घ) एम0 जी0 रानाडे |
| (v) ब्रहम समाज | (ङ) सावित्री वाई फूले |

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ 'ब' |
| --- | --- |
| (i) शाही लीची | (क) भागलपुर |
| (ii) दुधिया मालदह | (ख) मुजफ्फरपुर |
| (iii) मखाना | (ग) दीघा (पटना) |
| (iv) जर्दालु आम | (घ) दरभंगा |

**4. सही के सामने(✓) तथा गलत के सामने (✗) का चिह्न अंकित कीजिए–**

(i) भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है।
(ii) भारत छोड़ो आंदोलन 1930 में हुआ था।
(iii) अंग्रेजों के आने के पहले भूमि का मालिक राजा होता था ।
(iv) महात्मा गाँधी ने 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया ।
(v) भारत में अभी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सरकार है ।
(vi) आजादी के पहले हमारे देश की जो भौगोलिक सीमा थी, आजादी के बाद भी वही रह गई ।
(vii) शेरशाह को हराकर हुमायूँ ने भारत की गद्दी पर कब्जा किया ।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए– (4 अंकीय)**

(i) भारत में व्यापार करने का एकाधिकार किस कम्पनी को मिला था?
(ii) बागवानी फसलों के नाम लिखिए।
(iii) महालवाड़ी व्यवस्था कहाँ–कहाँ अपनायी गयी थी?
(iv) डॉ० काली किंकर दत्त की महत्वपूर्ण सम्पादित पुस्तकों के नाम लिखिए।
(v) गाँधीजी ने साप्ताहिक पत्रिका कब निकाली ? उसका नाम क्या था ?
(vi) भाषायी आधार पर बनने वाले चार राज्यों के नाम लिखिए।
(vii) हरिजन सेवा संघ की स्थापना कब तथा किसने की थी?
(viii) वन अधिनियम ने आदिवासियों के किन अधिकारों को छीन लिया ?
(ix) जनजातीय समाज की महिलाओं का घरेलु उद्योग क्या था ?
(x) लंगट सिंह कॉलेज की स्थापना कब और किस सम्मेलन में हुई ?
(xi) कम्पनी की फैक्टरी मद्रास एवं बबंई में भी थे । आज इन जगहों को किस नाम से जाना जाता हैं ?
(xii) मीरकासिम कौन था ?
(xiii) सूचनाओं के आदान – प्रदान के लिए पहले, किन साधनों का उपयोग किया जाता था ?
(xiv) 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था ?
(xv) भारत में मिलने वाले पाँच मसालों के नाम लिखिए।
(xvi) भारत में पहले तीन विश्वविद्यालय कहाँ बनाये गये ?
(xvii) भारतीय संविधान लिखने वाली सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?
(xviii) झंडा सत्याग्रह कब और कहाँ शुरू हुआ ?
(xix) कुँवर सिंह कहाँ के जमींदार थे ?
(xx) शहरीकरण का आशय क्या है ?
(xxi) आधुनिक काल किसे कहा जाता है ?

(xxii) मुफ्त व्यापार नीति से क्या समझते हैं ?
(xxiii) शिक्षा का अधिकार कानून कब तथा किसके लिए लागू हुआ ?
(xxiv) नील की खेती की प्रमुख समस्याओं को लिखिए।
(xxv) साफ्टवेयर पार्क वाले शहरों के नाम लिखिए।
(xxvi) गांधीजी के राजनीतिक गुरू कौन थे ?
(xxvii) स्थायी वंदोवस्त से क्या समझते हैं ?
(xxviii) बैकुण्ठ शुक्ल ने फनीन्द्रनाथ घोष की क्यों हत्या की ?
(xxix) हाथ की अपेक्षा मशीनों से कपड़े का उत्पादन सस्ता होता है, क्यों ?
(xxx) बिहार में नील की खेती मुख्य रूप से किस क्षेत्र में की जाती थी ?

**6.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए– (10 अंकीय)**

(i) अंग्रेज बंगाल पर क्यों अधिकार करना चाहते थे ?
(ii) बंधुआ मजदूर किसे कहा जाता है ?
(iii) महिलाओं की स्थिति में सुधार कैसे किया जा सकता है ?
(iv) रैयतवारी व्यवस्था से क्या समझते हैं ?
(v) अंग्रेजों का विलय नीति क्या थी ?
(vi) शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा गाँधी के योगदानों को लिखिए–
(vii) जनजातीय समाज के लोगों का जीवन कैसा होता है ?
(viii) महात्मा ज्योतिराव फूले के योगदानों का वर्णन कीजिए।
(ix) खेती करने के तौर–तरीकों में पहले की अपेक्षा, आज किस प्रकार बदलाव आया है ?
(x) भारतीय संविधान की प्रस्तावना को लिखिए।
(xi) 1857 ई0 के विद्रोह के कारणों का उल्लेख कीजिए।
(xii) झूम कृषि से आप क्या समझते हैं ?
(xiii) मधुबनी पेंटिग के बारे में आप क्या जानते हैं ? वर्णन कीजिए।
(iii) बिरसा मुंडा कौन थे ? उनके योगदानों की चर्चा कीजिए।

**********